Delhi Public School
Maruti Kunj, Gurugram
(Under the aegis of the Delhi Public School Society, Delhi)

प्रिय अभिभावकगण,

अत्यंत हर्ष के साथ आपको सूचित किया जाता है कि नई दिल्ली में 11 दिसम्बर को इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र एवं हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी द्वारा आयोज़ित मेधावी छात्र एवं शिक्षक सम्मान समारोह के अंतर्गत दिल्ली पब्लिक विद्यालय , मारुति कुंज की कोमल झा को दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में संस्कृत विषय में 100 अंक प्राप्त कर सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर “भाषा रत्न सम्मान” से सम्मानित किया गया। साथ ही डॉ ज्ञानमणि सक्सेना को ट्राफी प्रदान कर “भाषा गौरव शिक्षक सम्मान” से सम्मानित किया गया। यह विद्यालय परिवार के लिये अत्यंत गर्व का विषय है।

 साथ ही इस कार्यक्रम में कक्षा दसवीं में हिंदीं - संस्कृत भाषा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 41 विद्यार्थियों के लिए “भाषा दूत सम्मान” के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। अध्यापक अर्जुन यादव और शिक्षिका डॉ विजय लक्ष्मी जी को भी प्रमाण पत्र प्रदान किये गये ! मैं भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की इस पहल का हृदय से स्वागत और प्रशंसा करता हूँ। विद्यार्थियों और शिक्षकों की इस उपलब्धि पर सभी को बधाई देता हूँ तथा विद्यार्थियों से संस्कृत -हिंदी विषयों को पूर्ण मनोयोग से पढ़ने का आग्रह करता हूँ।

सादर साभार

प्राचार्य